# आर्मी-डे परेड में लडाकू विमान, टैंक और मिसाइलों का प्रदर्शन होगा : भजनलाल शर्मा

## पहली बार सैन्य क्षेत्र के बाहर होगी आर्मी परेड का आयोजन : मुख्यमंत्री

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना प्रत्येक देशवासी का गर्व और अभिमान है। सेना के पराक्रम, त्याग और बलिदान के कारण ही हम सभी सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि आर्मी डे परेड का आयोजन न सिर्फ जयपुर, बल्कि पूरे राजस्थानवासियों के लिए जवानों की अटूट राष्ट्रभक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है।

उन्होंने कहा कि पहली बार सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर आर्मी डे परेड का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन जयपुर में होने जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि जगतपुरा में महल रोड पर 15 जनवरी को होने जा रही इस परेड के आयोजन में प्रदेशवासी अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों, ताकि वे सेना की वीरगाथा के बारे में और अधिक जान सके। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में 78वें सेना दिवस पर आयोजित होने वाली परेड और अन्य आयोजनों की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को 78वें सेना दिवस पर आयोजित होने वाली परेड और अन्य आयोजनों की तैयारियों के संबंध में बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, डीजीपी राजीव शर्मा सहित राज्य सरकार एवं सेना के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।**

- **जयपुर के जगतपुरा में 15 जनवरी को होगी मुख्य परेड तथा 9, 11 व 13 जनवरी को रिहर्सल**
- **भारतीय सेना प्रत्येक देशवासी का गर्व और अभिमान : भजनलाल शर्मा**
- **शौर्य संध्या में ऑपरेशन सिंदूर पर लाइट एंड साउंड शो तथा ड्रोन शो होगा**

बैठक में सेना के अधिकारियों ने सेना दिवस पर होने वाले विभिन्न आयोजनों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को मुख्य परेड का आयोजन होगा, जिसमें जबकि 9, 11 व 13 जनवरी को भी आमजन इसकी रिहर्सल देख सकेंगे। प्रत्येक दिन लगभग डेढ़ लाख लोग इस भव्य परेड के साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक दिन स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, नारी शक्ति, पूर्व सैनिकों सहित आमजन को परेड दिखाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परेड का आयोजन सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए अधिकारी सेना के साथ समन्वय बनाते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें।

यह आयोजन भारतीय सेना और नागरिकों के बीच विश्वास, जुड़ाव और सम्मान के रिश्ते को और मजबूत करेगा। इस परेड में लडाकू विमानों और हेलीकॉप्टर्स की फ्लाई-पास्ट टुकड़ियों का मार्च, मिसाइल व टैंकों, ड्रोन तकनीक और आधुनिक युद्ध क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। परेड में नेपाल आर्मी बैंड भी हिस्सा लेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्मी परेड के अवसर पर एसएमएस स्टेडियम में 15 जनवरी को "शौर्य संध्या 2026" का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 10 जनवरी को इस आयोजन का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस दौरान फर्स्ट डे कवर का विमोचन, शहीदों के परिजनों का सम्मान, परंपरागत युद्ध कलाओं के प्रदर्शन के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर का भव्य लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा। आधुनिक तकनीक के साथ 1000 ड्रोन्स का शो भी होगा। उन्होंने कहा कि 8 से 12 जनवरी 2026 तक "नो योर आर्मी" प्रदर्शनी का आयोजन सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज परिसर में किया जाएगा। प्रदर्शनी के दौरान आम नागरिकों को सेना की आधुनिक हथियार प्रणालियों और रक्षा तकनीक को नज़दीक से देखने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य रूप देने के लिए अधिकारी सभी जरूरी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परेड स्थल पर अतिथियों और आमजन की बैठने की व्यवस्था, परिवहन, यातायात और पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित राज्य सरकार एवं सेना के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# पडौसी ने जहर देकर युवती की हत्या की

## दुष्कर्म केस वापस लेने के लिए पीड़िता पर बना रहा था दबाव

- **करधनी थाना पुलिस ने मृतका के भाई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है**

**जयपुर।** करधनी इलाके में दुष्कर्म के एक मामले से बचने के लिए शातिर युवक द्वारा युवती की जहर देकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को मिलने का झांसा देकर अकेले में बुलाया और धोखे से जहर खिला दिया। उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। पीड़ित भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पडौसी युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतका के भाई ने बताया कि उसकी 25 वर्षीय बहन झुंझुनूं में रहती थी और 13 अक्टूबर को नौकरी के सिलसिले में जयपुर आई थी। गत 14 अक्टूबर को दोपहर में बहन ने फोन कर उसे तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल बुलाया। अस्पताल पहुंचने पर युवती गंभीर हालत में भर्ती मिली, जबकि वहीं गांव का रहने वाला एक युवक मौजूद था। पूछताछ में युवक ने खुद को किसी काम से सिंधी कैंप आना बताया और कहा कि युवती के बुलाने पर वह वहां पहुंचा है। उसने दावा किया कि युवती ने खुद जहर खा लिया है। भाई ने युवती के होश में आने पर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी युवक ने मिलने का बहाना बनाकर बुलाया और धोखे से जहर खिला दिया। इलाज के दौरान 15 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े चार बजे युवती ने दम तोड़ दिया।

### पिता से मिलने के बहाने आता था, बनाया अश्लील वीडियो

पीड़ित भाई का आरोप है कि गांव की जान-पहचान के चलते आरोपी उसके पिता से मिलने के बहाने घर आता-जाता था। इसी दौरान उसने युवती के अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वह लगातार ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर युवती ने झुंझुनूं में आरोपी के खिलाफ ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया था।

आरोप है कि इसी केस को वापस लेने के लिए आरोपी युवती पर दबाव बना रहा था और जान से मारने की धमकियां दे रहा था। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ हत्या सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

# नववर्ष पर कानून व्यवस्था को लेकर होटल, बार संचालकों के साथ पुलिस की बैठक

**जयपुर।** नववर्ष की पूर्व संध्या एवं नववर्ष के अवसर पर जयपुर शहर में शांति-सुरक्षा एवं बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून व्यवस्था) राजीव पचार ने पुलिस कमिश्नरेट में जयपुर शहर के होटल, रेस्टोरेंट एंड बार संचालकों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की।

बैठक के दौरान विशेष पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश ने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करें । इसके साथ ही सीसीटीवी दुरुस्त रख कर महिला सुरक्षाकर्मी भी नियोजित करें । वहीं डीजे माइक का उपयोग नियमानुसार ही करें। इसके अलावा हुक्का बार पर प्रतिबंध की पूर्ण पालना करें ।

राहुल प्रकाश ने कहा कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराब के सेवन के पश्चात वाहन चलाने की घटनाओं में वृद्धि की संभावना होती है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की गंभीर आशंका बनी रहती है। ड्रिंक एंड ड्राइव के कारण न केवल चालक, बल्कि अन्य नागरिकों के जीवन को भी खतरा उत्पन्न होता है। ऐसे में सड़क सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग के साथ-साथ होटल,रेस्टोरेंट एंड बार संचालकों की भी नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी बनती है कि वे इस दिशा में सहयोग करें।

उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक होटल,रेस्टोरेंट एवं बार अपने मेहमानों-आगंतुकों को प्रतिष्ठान से लौटते समय बिल के साथ 3 3 इंच आकार की गुलाबी रंग की स्लिप उपलब्ध कराएंगे। जिस पर स्पष्ट रूप से शराब पीकर वाहन न चलाएं का संदेश अंकित होगा।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक होटल, रेस्टोरेंट एवं बार परिसर के अंदर एवं बाहर चार-चार 2 से 2.5 फीट आकार के गुलाबी रंग के पोस्टर उक्त संदेश के साथ ऐसे स्थानों पर लगाए जाएंगे। जो आमजन को स्पष्ट रूप से दिखाई दें। इनमें से कम से कम एक पोस्टर प्रसाधन क्षेत्र में लगाया जाना अनिवार्य होगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक थानाधिकारी अपने थाना क्षेत्र में स्थित सभी होटल, रेस्टोरेंट एंड बार के मैनेजर अथवा व्यवस्थापक से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर 30 दिसंबर 2025 तक उक्त स्लिप एवं पोस्टर होटल प्रबंधन द्वारा स्वैच्छिक रूप से छपवाने तथा पोस्टर चस्पा कराने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही प्रत्येक होटल, रेस्टोरेंट एवं बार में इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सतत निगरानी हेतु एक कांस्टेबल अथवा हेड कांस्टेबल को नोडल पुलिस अधिकारी के रूप में नामित किया जाएगा। जो होटल प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाएगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस पहल का उद्देश्य नववर्ष के दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात सुरक्षा को सुदृढ़ करना तथा जयपुर शहर में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

# मंत्रियों ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**जयपुर** । भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत तथा राजस्व, उपनिवेशीकरण एवं सैनिक कल्याण विभाग के राज्य मंत्री विजय चौधरी ने कार्यकर्ता सुनवाई की। मीडिया को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई शुरू करने का निर्णय ऐतिहासिक है। कुमावत ने कहा कि सुनवाई के दौरान प्रारंभिक रूप से पशुपालन विभाग से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ बिजली और पानी से संबंधित मुद्दे सामने आए, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही करने के निर्देश दिए गए। जहां आवश्यकता थी, संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश भी दिए गए। कुमावत ने कहा कि भजनलाल सरकार राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

# जयपुर विकास प्राधिकरण में जल्द शुरू होगी ई-जनसुनवाई

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में अब नागरिकों की सुविधा और शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता लाने के लिए शीघ्र ही 'ई-जनसुनवाई' शुरू की जाएगी। नवनियुक्त आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने सोमवार को कार्यभार संभालते ही यह नवाचार किया है। उन्होंने कहा कि अभी लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज करवाने अथवा समस्याओं के समाधान के लिए जेडीए में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ता है, ऐसे में लोगों को ना सिर्फ अपने जरूरी काम छोड़ने पड़ते हैं, बल्कि उन्हें काफी परेशानियां भी झेलनी पड़ती है। एक ही शिकायत के लिए बार-बार आना-जाना तथा जेडीए के दफ्तरों में चक्कर कटवाना बेकार है।

इन्हीं समस्याओं को देखते हुए जयपुर विकास प्राधिरकण में डिजिटल 'ई-जनसुनवाई' प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




**जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने अधिकारियों की बैठक ली।**

- **नवनियुक्त आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने कार्यभार संभालते ही किया नवाचार**

महाजन ने बताया कि, लोगों को अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करवानी पड़ेगी। इसके बाद यह शिकायतें संबंधित जोन अथवा प्रकोष्ठ को भेजी जाएंगी, जहां इनका परीक्षण होगा। इस कार्यवाही के उपरांत, प्रार्थी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना जायेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एक ओर प्रार्थी होगा, वहीं दूसरी ओर जेडीए के उच्चाधिकारियों की टीम होगी, जो प्रार्थी की समस्या सुनकर, उनकी समस्या का यथोचित समाधान करेगी। साथ ही इस संपूर्ण कार्यवाही की रिकॉर्डिंग करवाई जाएगी। इसके बाद भी यदि कार्य निस्तारण में बाधा आती है, तो उसकी जानकारी भी प्रार्थी को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ही दी जाएगी। इस नई व्यवस्था के तहत लंबित पड़े पुराने प्रकरणों का निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। महाजन ने बताया कि इस डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन की परेशानी कम करना, प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। 'ई-जनसुनवाई' प्रणाली नागरिकों और जेडीए, दोनों के समय व संसाधनों के दक्ष उपयोग में सहायक होगी। इस नई व्यवस्था से जेडीए की सेवाओं में डिजिटल सुधार की एक नई शुरुआत होगी और नागरिकों को त्वरित व प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली उपलब्ध हो सकेगी। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने सोमवार को कार्यभार संभालते ही सभी अधिकारियों की बैठक भी बुलाई। उन्होंने बारी-बारी से सभी जोन व प्रकोष्ठों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जेडीसी से साफ चेताया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा आमजन तक पहुंचाए। सभी अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण पारदर्शिता के साथ काम करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# विधायक डागा को कारण बताओ नोटिस देगी अनुशासन समिति

**जयपुर** । भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति की बैठक सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य पूर्व सांसद रामकुमार वर्मा, विधायक श्रीचंद कृपलानी और सरोज कुमारी उपस्थित रहे तथा पूर्व सांसद नारायण पंचारिया आनलाइन जुड़े। लखावत ने बताया कि समिति की बैठक में अनुशासनहीनता से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा अनुशासनहीनता के प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई का निर्णय किया गया। इस दौरान खींवसर विधायक रेवतराम डांगा के प्रकरण में समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनको कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय किया गया।

# भाजपा ने की मोर्चा अध्यक्ष की घोषणा

**जयपुर।** प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश के मोर्चा अध्यक्षों की घोषणा की उनमें युवा मोर्चा शंकर गौरा, किसान मोर्चा पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, ओबीसी मोर्चा महेंद्र कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा हामिद खान मेवाती, अनुसूचित जाति मोर्चा पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा गोपीचंद मीणा को मोर्चा अध्यक्ष बनाया है।

# इंटेलिजेंस, डिफैंस और साइबर सुरक्षा की चुनौतियों का समाधान खोजेंगे देशभर के युवा टेक-माइंड्स

**जयपुर** । केंद्रीय जासूसी प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) जयपुर में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय हैकाथॉन शील्ड 1.0 - स्मार्ट हैकाथॉन फॉर इंटेलिजेंस, एनफोर्समेंट, लॉ एवं डिफेन्स का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली आधुनिक समस्याओं के लिए तकनीक-आधारित प्रभावी समाधान खोजना है।

निदेशक सीडीटीआई डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि इस हैकाथॉन के माध्यम से देशभर के साइबर विशेषज्ञ, डेवलपर्स और नवाचारी छात्र एक मंच पर एकत्रित हुए हैं। यह आयोजन मुख्य रूप से डिजिटल फॉरेंसिक्स, साइबर अपराध रोकथाम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सर्विलांस इंटेलिजेंस जैसे गंभीर विषयों पर केंद्रित है। इसका लक्ष्य ऐसी उन्नत प्रणालियां विकसित करना है, जो भारत की आंतरिक सुरक्षा और पुलिसिंग क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और अधिक सुदृढ़ बना सकें। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उप निदेशक एनसीआरबी नई दिल्ली प्रशुन गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में आधुनिक पुलिसिंग और कानून प्रवर्तन में डेटा एनालिटिक्स और एआई की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे ऐसे समाधान विकसित करें जो न केवल तकनीकी रूप से उन्नत हों, बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में व्यावहारिक और नैतिक रूप से सुरक्षित भी हों। सीडीटीआई निदेशक डॉ. कपूर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शील्ड 1.0 की अवधारणा को साझा किया। उन्होंने बताया कि युवाओं की रचनात्मक सोच को सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में विस्तार योग्य मॉडल्स में बदलना इस हैकाथॉन की पहली प्राथमिकता है। विशिष्ट अतिथियों के रूप में एमएनआईटी जयपुर की डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी और साइबर विशेषज्ञ योगेश राव ने भी नवाचार और स्वदेशी तकनीकी विकास के महत्व पर अपने विचार रखे।

# अरावली पर्वतमाला क्षेत्र के 20 जिलों में अवैध खनन पर राज्य सरकार की सख्ती

## खनन विभाग ने जयपुर और पाली में बड़ी कार्रवाई कर 3 एक्सक्वेटर समेत 25 वाहन जब्त किए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । अरावली पर्वतमाला क्षेत्र के 20 जिलों में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ शुरु हुए अभियान के दौरान पहले दिन जयपुर के कालवाड़ तकसील के बावडी गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में लिप्त दो एक्सक्वेटर जब्त किए गए।

निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि अभियान के पहले

- **पाली में एफआईआर दर्ज की गई, अभियान के पहले दिन 2.98 लाख का जुर्माना वसूला**

दिन आरंभिक सूचनाओं के अनुसार दो एक्सक्वेटर के साथ ही 6 डंपर, 16 ट्रेक्टर जब्त कर संबंधित पुलिस थाने को सुपुर्द किए गए हैं। पाली में भी 7 वाहन की जब्ती की गई है। सिरोही के दोदुआ में एक जेसीबी जब्त करने की गई है। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि अरावली पर्वतमाला क्षेत्र के 20 जिलों के सभी जिला कलक्टरों ने टीमों का गठन कर दिया गया है। जिला कलक्टरों और खान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को क्लोज मोनेटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के पहले दिन जयपुर एमई श्याम कापड़ी की टीम ने कालवाड़ के बावडी में अवैध खनन करते दो एक्सक्वेटर जब्त किये है। शिवदासपुरा में बजरी का अवैध परिवहन करते एक डंपर और चेजा पत्थर का अवैध परिवहन करते दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर शिवदासपुरा पुलिस को सौंपी है। जयपुर के कोटखावदा में चेजा पत्थर की दो ट्रेक्टर ट्राली, फागी में भी चेजा पत्थर का अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर ट्राली व मोखमपुरा में बजरी का परिवहन करते दो ट्रेक्टर ट्राली और एक ट्रेक्टर ट्राली चेजा पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए जब्त की गई है।







**मुख्यमंत्री के निर्देश पर खनन विभाग ने जयपुर और पाली जिले के अरावली पर्वतमाला क्षेत्र में अवैध खनन पर कार्रवाई कर मशीनों को जब्त किया।**

अधीक्षण खनि अभियंता जयपुर एनएस शक्तावत ने बताया कि सीकर में एक डंपर चेजा पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया है। झुन्झुनू में ग्रीट का अवैध परिवहन करते हुए दो डंपर व दौसा में एक ट्रेक्टर ट्राली को चेजा पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया है। प्रतापगढ़ में भी अवैध परिवहन करते एक वाहन जब्त किया।

प्राप्त सूचना के अनुसार पाली के पाली, साण्डेराव, चण्डावल में अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक डंपर व 6 ट्रेक्टर ट्राली जब्त की गई है। इसके साथ ही एक एफआईआर व 1.27लाख जुर्माने की वूसली की गई है। मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस डॉ. धमेन्द्र लोहार द्वारा समन्वय किया जा रहा है। सिरोही के दोदुआ में अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त एक जेसीबी जब्ती व 1 लाख 71 हजार 300 का जुर्माना वसूला गया है।

# अरावली संरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिए गए हालिया निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताया है। राठौड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स" पर ट्वीट कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरावली पर्वतमाला की नई परिभाषा, जिसमें 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पर्वतमालाओं को अरावली हिल्स माना जाएगा, को लेकर स्वतः संज्ञान लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

न्यायालय द्वारा 20 नवंबर को दिए गए पूर्व आदेश पर रोक लगाते हुए एक एक्सपर्ट कमेटी के गठन का निर्णय संतुलित और विवेकपूर्ण कदम है। राठौड़ ने कहा कि इस विशेषज्ञ समिति द्वारा मौजूदा विशेषज्ञ रिपोर्ट का गहन अध्ययन एवं विश्लेषण कर सर्वोच्च न्यायालय को तथ्यपरक और व्यावहारिक सुझाव दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को लेकर गलत अर्थ निकाले जा रहे हैं, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई थी।

फिलहाल अरावली पर्वतमाला क्षेत्र में खनन पर रोक जारी रहेगी और इस पूरे मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इससे पहले केंद्र सरकार ने भी अरावली पर्वतमाला में हो रहे अवैध खनन को रोकने और इसके संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे जारी न करने के निर्देश देना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत पहल है।

राठौड़ ने इस गंभीर और संवेदनशील विषय पर जिम्मेदार रवैया अपनाने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कई बार सार्वजनिक मंचों से यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अरावली हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है और इसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। राठौड़ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि अरावली के दीर्घकालीन संरक्षण और समग्र विकास के लिए अरावली डवलपमेंट अथॉरिटी का गठन किया जाए, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा-भरा और सुरक्षित राजस्थान सुनिश्चित किया जा सके।